# नगर निगम मुरादाबाद पत्रिका

क्लीन सिटी, ग्रीन सिटी

अंक–1. नं.1 नगर निगम मुरादाबाद ई–पत्रिका मासिक 2018 पेज न.1

COVER IMAGE



बोर्ड की प्रथम बैठक को सफल बनाने के बाद महापौर व नगर आयुक्त एक साथ

# <u>नागरिक</u>

## *मासिक ई–पत्रिका*


प्रधान सम्पादक
श्री अवनीश कुमार शर्मा
(नगर आयुक्त)

सहायक सम्पादक
त्रिलोक नाथ मिश्र
(प्रभारी स्मार्ट सिटी/लेखाकार/उप प्रभारी कम्प्यूटराईजेशन)

संयोजक मण्डल
श्री जगदीश यादव
(उप नगर आयुक्त/प्रभारी नगर स्वास्थ्य अधिकारी)

श्री सत्य प्रकाश श्रीवास्तव
(महाप्रबंधक जल/ अपर नगर आयुक्त)

श्री सुनील कुमार केसरी
(मुख्य अभियन्ता)

अवधेश कुमार
(मुख्य कर निर्धारण अधिकारी)

छोटे लाल यादव
(लेखाधिकारी)

श्री आशीष शुक्ला
(अधिशासी अभियन्ता/पर्यावरण अभियन्ता)

संकलन/र्निदेशन
अनुज कुमार
(आई0टी0 अधिकारी)

विशेष सहयोगार्थ
राहुल सिंह
अर्दली(नगर आयुक्त)

प्रष्ठ सज्जा/छायांकन
अरहम खान
(कम्प्यूटर ऑपरेटर)


ई–पत्रिका में किसी प्रकार का सुझाव– moradabadnagarnigam@gmail.com पर ई–मेल किया जा सकता है।

# अटल मिशन फॉर रिजूवेनेशन एंव अर्बन ट्रांसफार्मेशन (अमृत)



## पेयजल की व्यवस्था

मुरादाबाद के सभी नागरिकों को टैप वाटर की उपलब्धता को सुनिश्चित करने के लिए 49420 घरो के लिये नये जल संयोजन का कार्य कराया जा रहा है।

## सीवरेज की व्यवस्था

मुरादाबाद शहर में ज्यादातर घरो मे सीवरेज कनेक्शन न होने से काफी संख्या मे अस्वच्छ शौचालय है जिनका बहाव नालों में होता रहा है।
इसे समाप्त करने के लिए 83850 नये सीवर कनेक्शन का कर्य कराया जा रहा है।

## पार्को का सुदृढीकरण एंव अनुरक्षण

नगर के सात पार्को के सुदृढीकरण एंव अनुरक्षण की स्वीकृति शासन द्वारा प्राप्त हो गई है और वर्क आर्डर भी जारी कर दिया गया है। यह कार्य जल्द ही पूरा कर लिया जायेगा।

## सुदृढीकरण एंव अनुरक्षण हेतु चयनित पार्क निम्नवत है।

* मधुबनी पार्क
* गौतमबुद्वा पार्क
* कम्पनी बाग पार्क
* शिव पार्क
* पी.टी.सी पार्क
* पंडित नंगला पार्क
* नवीन नगर पार्क



# सॉलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट

## डोर टू डोर कूड़ा संग्रहण


* शहर के अनौपचारिक कूड़ा बीनने वालों को स्वच्छता मित्र के रूप मे एक नयी पहचान दी गयी।
* 355 अनौपचारिक कूड़ा बीनने वालों का चिन्हीकरण करते हुये डोर टू डोर कूड़ा संग्रहण में समायोजित किया गया।
* सभी स्वच्छता मित्रों को नये रिक्शे वितरित किये गये तथा सुरक्षा उपकरणों से संयोजित किया गया।
* यह सुनिश्चित करने के लिए कि कूड़ा घर घर से उठे इसके लिए कूड़ा उठाने वाली सभी गाडियों मे जी.पी.एस का इंस्टोलेशन कराया गया है जिसकी ऑनलाइन मॉनिटरिंग की जा रही है।





## रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था

* शहर के सभी मुख्य बाज़ारों में दिन के साथ–साथ रात्रि में भी प्रतिदिन सफाई करायी जा रही है।
* शहर के सभी मुख्य बाज़ारों में 500मी0 से भी कम दूरी पर गीले कूडें तथा सूखे कूडे के लिए अलग अलग डस्टविन्स रखवाये गय है।



# खुले में शौच से मुक्त मुरादाबाद।

## मुरादाबाद को खुले में शौच से मुक्त कराने के लिए उठाये गये कदम।




* 4 नये सामुदायिक शौचालय एंव 4 नये सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया गया।
* 34 सामुदायिक शौचालयों एंव सार्वजनिक शौचालयों का अपग्रेडेशन करवाया गया।
* 33 मूत्रालयों का निर्माण कराया गया
* 4 मोबाईल टॉयलेट लगाये गये।
* 3406 लाभार्थियों  का व्यक्तिगत शौचालय बनवाने हेतु कुल धनराशि रू0 22752000 व्यक्तिगत खातो में हस्तांतरित करायी गयी।

## गूगल टॉयलेट लोकेटर




* नगर निगम सीमा क्षेत्र स्थित सभी 54 सार्वजनिक शौचालयों एंव सामुदायिक शौचालयों की गूगल मैपिंग करायी गयी।
* किसी नागरिक के द्वारा इस ऐप पर नजदीकी सार्वजनिक शौचालयों एंव सामुदायिक शौचालयों की लोकेशन प्राप्त की जा सकती है।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग एंव सामन्य वर्ग के गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारो की पुत्रियो की शादी हेतु मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत मुरादाबाद पंचायत भवन के प्रांगण मे इस महत्वकांक्षी योजना के अन्तर्गत 63 जोड़ो के विवाह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम मे नव दम्पत्ति को शुभाशीष देने के लिये राज्य मंत्री, श्रीमती गुलाब देवी, श्री चेतन चौहान, सांसद सर्वेश कुमार, श्री जयपाल सिंह व्यस्त व नगर के सम्मानित जन के लोग व समस्त अधिकारी सम्मलित हुये।





**इस अवसर पर माननीय समाज कल्याण मंत्री श्रीमती गुलाबो देवी जी ने विवाहित नव दम्पत्तियो को प्रमाण पत्र व सरकार की और से दिये जाने वाले बीस हजार रूपये आर्थिक मदद का चैक व उज्जवल भविष्य की कामना की।**







**इस शुभ अवसर पर माननीय मंत्री चेतन चौहान, सांसद सर्वेश व शहर इमाम सय्यद मासूम अली आजाद जी ने विवाहित नव दम्पत्तियो को प्रमाण पत्र व आर्शिवाद देकर उज्जवल भविष्य की कामना की।**

# स्वच्छता सर्वेक्षण–2018

स्वच्छता सर्वेक्षण 2018 के तहत महानगर मे स्वच्छता सर्वे करने पहॅुची टीम ने शहर की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। भारत सरकार द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण 2018 के लिये नामित संस्था के मंजीत सिंह, के0के0 शर्मा और सचिन कुमार सर्वेक्षण की रिपोर्ट तैयार कर केन्द्र सरकार को भेजेंगे। केन्द्र सरकार से ही शहरो को उनकी रिपोर्ट के आधार पर रैकिंग दी जायेगी।











स्वच्छता सर्वेक्षण टीम को शौचालयो निमार्ण मे लगी सामग्री की गुणवत्ता के विषय मे बताते हुये नगर आयुक्त जी।




स्वच्छता सर्वेक्षण टीम ने मुरादाबाद के सॉलिड वेस्ट ट्रिटमेन्ट प्लांट का नगर आयुक्त महोदय के साथ निरीक्षण किया।




नगर निगम मुरादाबाद द्वारा बेसहारा गौवंश को आश्रय देने हेतु पशु आश्रयशाला व स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत बी .ओ .टी पद्धिति से निर्मित वातानुकूलित शौचालय,स्नानागार एवं अमानतीघर का शिलान्यास सांसद श्री सर्वेश कुमार जी,महापौर श्री विनोद अग्रवाल जी की गरिमामयी उपस्थिति मे किया गया।

# स्मार्ट सिटी मिशन

मा0 मंत्री शहरी आवास व विकास श्री हरदीप पुरी ने स्मार्ट सिटी प्रतिस्पर्धा के चौथे चरण के परिणाम की घोषणा की जिसमें नये 9 स्मार्ट सिटी में मुरादाबाद नगर को शामिल किया गया इन सभी 9 स्मार्ट सिटी परियोजनाओ में दो लाख तीन हजार 979 करोड रू0 का निवेश किया जायेगा इसी के साथ मुरादाबाद मुरादाबाद देश के सौ शहरो में शुमार हो गया है यह बेहद गर्व की बात है स्मार्ट शहर से मुरादाबाद का कायाकल्प होगा। खासकर ब्रास उधोग से जुड़े कारीगर और अन्य लोगो के लिये यह बड़े तोहफे की बात है।







## अपनी पीतलनगरी स्मार्ट सिटी

**उपलब्धि**

नई दिल्ली | विशेष संवाददाता

उत्तर प्रदेश के तीन शहर बरेली, मुरादाबाद व सहारनपुर और बिहार के बिहारशरीफ समेत नौ और नए स्मार्ट सिटी की घोषणा कर दी गई है। इसके साथ ही अब तक स्मार्ट सिटी मिशन के तहत अब तक 99 शहरों की घोषणा की जा चुकी है। देश के पहले स्मार्ट सिटी बनने के मिशन में सूरत सबसे आगे है। हालांकि सरकार लोकसभा चुनावों से पहले स्मार्ट सुविधाओं से युक्त कम से कम दस शहर सामने लाने की तैयारी में है।

जून 2015 में शुरू हुए मिशन में शुरुआत में सौ स्मार्ट सिटी बनाने की घोषणा की गई थी। बाद में सभी राज्यों की राजधानियों को इसमें शामिल करने से इतनी संख्या बढ़ गई है।

उत्तर प्रदेश के हिस्से में 13 स्मार्ट सिटी है, इसमें से अब तक दस की घोषणा हो चुकी है। राज्य को अभी तीन स्मार्ट सिटी और मिलनी है। चार शहरों सूरत, पुणे, बड़ोदरा व काकीनाडा में स्मार्ट सिटी केंद्रों ने काम करना शुरू कर दिया है, जबकि 18 अन्य शहरों में इन पर तेजी से काम चल रहा है। 11 अन्य शहरों में टेंडर मंजूर हो चुके हैं। हालांकि केंद्रीय मंत्री ने पहले चरण में घोषित कोलकाता के अभी तक एसपीवी (विशेष कार्ययोजना) न बनाने पर निराशा जाहिर की।

**09** नए स्मार्ट सिटी में बरेली और सहारनपुर भी शामिल

**99** स्मार्ट सिटी अब तक घोषित उत्तर प्रदेश को तीन और स्मार्ट सिटी मिलनी बाकी



### दो लाख करोड़ का निवेश होगा

इन सभी नौ स्मार्ट सिटी परियोजनाओं पर दो लाख तीन हजार 979 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। अभी तक जो परियोजनाएं शुरू की गई हैं उनमें केंद्र ने 9900 करोड़ रुपये और राज्य सरकारों ने 2500 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। बाकी धन अन्य संसाधनों से जुटाया जा रहा है।

### नौ नए स्मार्ट सिटी

शुक्रवार को शहरी आवास व विकास मंत्री हरदीप पुरी ने स्मार्ट सिटी प्रतिस्पर्धा के चौथे चरण में जिन नौ नए स्मार्ट सिटी की घोषणा की उनमें उत्तर प्रदेश के तीन व बिहार के एक शहर के साथ तमिलनाडु का इरोड, दमन व दीव का दीव, अरुणाचल प्रदेश का ईटानगर, दादरा नगर हवेली का सिलवासा और लक्षद्वीप का कवरत्ति भी शामिल है। मेघालय के शिलांग की घोषणा वहां पर चुनाव को देखते हुए रोक ली गई है।

> संबंधित खबर पेज 2,4,7

हिन्दुस्तान

Smart City

**Winning Cities in Round 4 (in order of merit)**

| S.No. | Name of State/UT | Name of City | Round 4 Score (%) |
|---|---|---|---|
| 1 | Dadra & Nagar Haveli | Silvassa | 70.45 |
| 2 | Tamil Nadu | Erode | 70.32 |
| 3 | Daman & Diu | Diu | 69.96 |
| 4 | Bihar | Biharsharif | 69.06 |
| 5 | Uttar Pradesh | Bareilly | 68.44 |
| 6 | Arunachal Pradesh | Itanagar | 68.35 |
| 7 | Uttar Pradesh | Moradabad | 68.31 |
| 8 | Uttar Pradesh | Saharanpur | 68.13 |
| 9 | Lakshadweep | Kavaratti | 66.36 |

# स्मार्ट सिटी सेमिनार

नई दिल्ली में विश्व बैंक द्वारा आयोजित सेमिनार में महापौर महोदय श्री विनोद अग्रवाल जी के साथ नगर आयुक्त अवनीश कुमार शर्मा जी ने मुरादाबाद महानगर का प्रतिनिधित्व किया व प्रेजेंटेशन दिया । सेमिनार में विश्व बैंक की ओर से आये विशेषज्ञों के साथ स्मार्ट शहर एवं स्मार्ट गाँव बनाने की योजना से सम्बंधित विषय पर विस्तार से चर्चा की ।











**कैसे स्मार्ट बनेगा मुरादाबाद शहर**
**विश्व बैंक के सेमिनार में हुई चर्चा**

विधान केसरी समाचार

मुरादाबाद। नगरीय निकाय चुनाव में उत्तर प्रदेश की जनता ने जिस भरोसे और उम्मीद के साथ सूबे की 16 में से 14 नगर निगम सीटों पर भाजपा का परचम लहराया था जनता की उन्ही उम्मीदों पर खरा उतरने के लिये मुरादाबाद महापौर विनोद अग्रवाल और नगरायुक्त अवनीश कुमार शर्मा की जोड़ी पूरी तरह प्रयासरत है, और इन दिनों दिल्ली में चल रहे विश्व बैंक द्वारा आयोजित सेमिनार में मुरादाबाद महानगर का पुरजोर तरीके से प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, महापौर विनोद अग्रवाल और उनकी धर्मपत्नि स्व. वीना अग्रवाल ने शुरू से ही महानगर को स्मार्ट सिटी का दर्जा दिलाने का जो सपना देखा था उसे पूरा करने के लिये विनोद अग्रवाल पूरी तरह प्रयासरत हैं और ये उनकी ही मेहनत का नतीजा है कि आज सरकार ने मुरादाबाद को स्मार्ट सिटी की कतार में लाकर खड़ा कर दिया है और अब जल्द है महानगर को स्मार्ट बनाने के लिये विनोद अग्रवाल नगरायुक्त अवनीश कुमार शर्मा के साथ पूरी तरह प्रयासरत हैं। शुक्रवार को राजधानी दिल्ली में विश्व बैंक द्वारा आयोजित सेमिनार में महापौर श्री अग्रवाल और नगरायुक्त अवनीश कुमार शर्मा ने मुरादाबाद महानगर का

- मुरादाबाद मेयर विनोद अग्रवाल व नगरायुक्त अवनीश शर्मा ने किया महानगर का प्रतिनिधित्व
- विश्व बैंक विशेषज्ञों ने की स्मार्ट शहर और स्मार्ट गांव पर चर्चा

विश्व बैंक से आये विशेषज्ञो के समक्ष शानदार प्रतिनिधित्व किया एंव स्मार्ट शहर और स्मार्ट गांव बनाने की योजनाओं से सम्बंधित विषयों पर गहनतापूर्वक चर्चा की।

# स्मार्ट सिटी सेमिनार

अहमदाबाद मे आयोजित स्मार्ट सिटी की कार्यशाला कूड़े प्रबन्ध को लेकर मंथन हुआ कार्यशाला मे आई कम्पनी ने विभिन्न नगर निगम के कार्यशाला मे आये प्रतिनिधियो से बातचीत की। कार्याशाला का उद्घाटन मा0 मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने किया इस कार्यशाला मे मुरादाबाद शहर का प्रतिनिधित्व नगर आयुक्त अवनीश कुमार शर्मा व महापौर विनादे अग्रवाल जी ने किया।







अहमदाबाद मे आयेजित स्मार्ट सिटी कार्यशाला मे नगर आयुक्त अवनीश कुमार शर्मा प्रैजन्टेशन व मा0 मुख्यमंत्री विजय रूपाणी जी से बातचीत करते हुये।







अहमदाबाद मे आयेजित स्मार्ट सिटी कार्यशाला मे मा0 मुख्यमंत्री विजय रूपाणी जी के साथ महापौर विनोद अग्रवाल जी स्मार्ट सिटी पुस्तक का विमोचन करते हुये।

# उत्तर प्रदेश दिवस

उत्तर प्रदेश दिवस पर मुरादाबाद पंचायत भवन मे आयोजित प्रर्दशनी मे नगर निगम मुरादाबाद द्वारा दी जा रही जन सुविधाओ के विषय मे स्टॉल लगाकर प्रर्दशनी मे आये नगरवासी व सम्मानित जनो को अवगत कराया गया।






उत्तर प्रदेश दिवस पर पंचायत भवन मुरादाबाद मे आयोजित प्रर्दशनी मे नगर निगम मुरादाबाद द्वारा लगाये गये स्टॉल का नगर आयुक्त जी ने निरीक्षण किया।







उत्तर प्रदेश दिवस पर पंचायत भवन मुरादाबाद मे आयोजित प्रर्दशनी मे नगर निगम मुरादाबाद द्वारा लगाये गये स्टॉल पर नगर आयुक्त व नगर निगम पार्षद उपस्थित हुये।

# नगर निरीक्षण

नगर निगम मुरादाबाद क्षेत्र मे नगर आयुक्त महोदय ने औचक निरीक्षण किया व क्षेत्रवासियो की समस्याओ को सुना व मौके पर कूड़े के कारण चौक हुये नालो को साफ कराया गया।






नगर आयुक्त जी क्षेत्र वासियो से बातचीत करते हुये व चौक नालो की स्वयं मौके पर सफाई का निरीक्षण करते हुये।





# पार्षद दिवस

नगर निगम मुरादाबाद द्वारा पार्षद दिवस पर सदन सभागार में सभी पार्षदो व नगर निगम अधिकारीयो द्वारा सभा का अयोजन किया गया व नगर की समस्याओ को चिन्हित कर उनके निस्तारण की योजना बनाई गई।







पार्षद दिवस पर नगर निगम पार्षदो द्वारा नगर निगम अधिकारीयों को दिये गये सुझावो व शिकायतों को देखते नगर आयुक्त जी।







पार्षद दिवस पर नगर निगम पार्षद अपनी समस्या व सुझाव नगर आयुक्त के समक्ष रखते हुए।

# गणतंत्र दिवस

नगर निगम मुरादाबाद द्वारा गणतंत्र दिवस पर नगर निगम द्वारा सम्मान समारोह आयेजित किया गया जिसमें नगर निगम के सफाई मित्रों, सफाई नायकों व कर्मठ कर्मचारियो को माननीय महापौर व नगर अयुक्त द्वारा सम्मानित किया गया








स्वतंत्रता दिवस के मौके पर नगर निगम मुरादाबाद द्वारा कार्यालय मे देश शान्ति के लिए हवन किया गया व देश के प्रति कर्तव्यों के र्निवहन के लिए शपथ ली।

# नगर निरीक्षण

नगर आयुक्त जी द्वारा नगर की सफाई पेयजल व नगर निगम द्वारा काराये गये निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया ।
















# नाला सफाई अभियान

नगर निगम द्वारा नाला सफाई अभियान चलाकर नगर के प्रमुख बडे नालो की जेसीबी मशीन द्वारा नालो की सफाई कराई गई।



# अस्थाई रैन बसेरा/अलाव निरीक्षण

नगर निगम द्वारा बनाये गये अस्थाई रैन बसेरे व सर्दी से बचाव के लिए अलाव व्यवस्था का नगर आयुक्त महोदय ने मोके पर निरीक्षण किया ।






















# नगर निरीक्षण

नगर आयुक्त, उप नगर आयुक्त, महा प्रबन्धक (जल) व अधिशासी अभियन्ता ने नगर की सफाई पेयजल व निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया।









नगर निगम अधिकारियो को पार्षद व क्षेत्रवासीयो ने क्षेत्र की समस्याओ से अवगत कराया व नगर आयुक्त ने मौके पर समस्याओ को चिंहित कर समाधान का आश्वासन दिया।

Smart City
MISSION TRANSFORM-NATION

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

अमृत
Atal Mission for Rejuvenation and Urban Transformation

---


कार्यालयः नगर निगम मुरादाबाद।
टाउन हॉल बुध बाज़ार,मुरादाबाद।
दूरभाषः 0591–2426824। ई–मेलः moradabadnagarnigam@gmail.com
वेबसाईटः www.nagarnigammoradabad.in